Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अजमेर में पटवारी 2 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *01 अगस्त, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर इन्टेलिजेंस अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये अंजू सैनी पटवारी पटवार हल्का बीती, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर को परिवादी से **2 हजार रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की इन्टेलिजेंस अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि नामान्तकरण खोलने की एवज में अंजू सैनी पटवारी पटवार हल्का बीती, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर द्वारा **3 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी अजमेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी इन्टेलिजेंस अजमेर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री पारसमल** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम **पुलिस निरीक्षक श्रीमती कंचन भाटी** एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुये अंजू सैनी पत्नी श्री वेदराज गहलोत निवासी डेयरी के पास, बालाजी मंदिर के सामने, घुघरा घाटी, अजमेर हाल पटवारी पटवार हल्का बीती, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर को परिवादी से 2 **हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के निर्देशन में आरोपिया से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।